Title : Regarding widening of NH-139 in Bihar-laid

**श्री राजा राम सिंह (काराकाट) :** औरंगाबाद से पटना कृषि क्षेत्र है, इस क्षेत्र में यातायात काफी संख्या में है । इस क्षेत्र में हमेशा जाम लगा रहता है । इन सभी बातों को ध्यान रखते हुए सरकार ने एन. एच.-139 को चौड़ा करने के लिए वादा किया था और साथ ही फोरलेन सड़क के रूप में बनाने की घोषणा की थी । देश के परिवहन मंत्री ने गया में प्रेस कांफ्रेंस कर एन. एच.-139 के चौड़ीकरण की घोषणा भी की थी । लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्य नहीं होता नहीं दिख रहा है, पता नहीं किन कारणों से इसे टाल दिया गया । जो कि बिल्कुल उनके लिए ठीक नहीं है जो लोग उस मार्ग का प्रयोग करते है । एन. एच.-139 को तत्काल रूप से चौड़ीकरण करने की घोषणा पर ध्यान देना चाहिए और निर्माण कार्य शुरू करना चाहिए ।